3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पहले **एच टी लाईन से प्रस्तावित खदान तक न्यूनतम 60 मीटर (7.5 मीटर बैरियर जोन सम्मिलित कर) तक"** नो माइनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीमांकन के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त किया जाये।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र में मौजूद 12 जीवित वृक्षों को नहीं काटा जायेगा एवं उस क्षेत्र को"नो माइनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित कर रख रखाव किया जायेगा।

5. वृक्षारोपण कार्यों के संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEAC में प्रस्तुतीकरण के दौरान प्रस्तुत प्रतिबद्धता एवं पर्यावरण प्रबंधन स्कीम के परिपालन में तथा SEAC द्वारा अनुशंसित प्रजातियों के कम से कम तीन वर्ष पुराने कुल 2300 पौधों का प्रथम तीन वर्ष में रोपण किया जाये।

| प्रस्तावित वृक्षारोपण हेतु नियत स्थान | पौधों की प्रजातियॉ | मात्रा (संख्या में) |
|---|---|---|
| बैरियर जोन | नीम, पीपल, सिस्सु, करंज, चिरोल, खमेर एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ। | 1000 |
| गैर खनन क्षेत्र | आम, कठहल, नीम, पीपल, बरगद, खमेर एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ। | 100 |
| परिवहन मार्ग (पेड़ों की ऊंचाई न्यूनतम 1 मीटर) | कदम, कंचनार, चिरोल, नीम, आम, सिस्सु, एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ। | 200 |
| ग्रम वासियों मे वितरण हेतु | आंवला, आम, बेल, मुनगा, कटहल, अमरूद, पपीता, नींबू, जामुन एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ। | 500 |
| ग्राम सुनवाहा में तालाब के किनारे | कदम, नीम, पीपल, कचनार, बरगद, पाकड, महुआ एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ। | 500 |
| | योग | 2300 |

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के तहत निर्धारित बजट अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

   - ग्राम सुनवाहा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में 01 कम्प्यूटर, प्रिंटर मय टेबल के साथ एवं 01 अलमारी लाईब्रेरी के लिए उपलब्ध कराई जायें तथा स्कूल बिल्डिंग का रिनोवेशन किया जाये।

**साथ ही, परियोजना प्रस्तावक जनपद पंचायत और पीएचईडी के परामर्श से जल जीवन मिशन के तहत राशि का योगदान सुनिश्चित करेगा। परियोजना प्रस्तावक उपरोक्त गांव के स्कूलों व आंगनबाड़ियों में उचित ढांचागत सुविधाएं विकसित करने/उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देगा। उपरोक्त गतिविधियॉ और आसपास के गांवों के विकास के लिए आवश्यकता आधारित गतिविधि जिला कलेक्टर और ग्राम पंचायत के परामर्श से कार्यान्वित की जाएगी।**

